दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, सोमवार 12 सितंबर 2022

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# नब्ज तो ठीक पकड़ी है

नफरत छोड़ो का संदेश लेकर जनता के बीच जाना तो ठीक है, लेकिन 'हम दो हमारे दो' की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या रणनीति है?

कांग्रेस की महंगाई पर हल्ला बोल रैली में राहुल गांधी ने जो भाषण दिया, उससे फिर जाहिर हुआ कि वे उन चंद राजनेताओं में हैं, जो आज की भारत की पॉलिटिकल इकॉनमी के चरित्र को ठोस ढंग से समझते हैं। इस समझ को कुछ समय पहले उन्होंने 'हम दो, हमारे दो'- के जुमले में व्यक्त किया। इस बार उन्होंने ये महत्त्वपूर्ण बात जोड़ी कि नफरत वही करते हैं, जो डरते हैं। इसलिए देश में डर का माहौल बनाया गया है, ताकि लोग आपस में नफरत करें और देश की असली समस्याओं से उनका ध्यान हटा रहा। तमाम संस्थानों पर सत्ताधारी पार्टी के कब्जे की बात वे पहले भी करते रहे हैं। इस बार उन्होंने अपनी ये बात अधिक आक्रामक अंदाज में रखी। इस कब्जे के बीच जो रास्ता उन्होंने सोचा है, उसकी प्रासंगकिता से भी इनकार नहीं किया जा सकता- यानी अब सीधे जनता के बीच जाना। बुधवार से राहुल गांधी इसी रास्ते में कदम रखेंगे। ये सफर कितना लंबा, कितना मुश्किल और कितना जोखिम भरा होगा, इसका अभी पूरा अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है।

लेकिन एक प्रश्न इस मौके पर जरूर उठता है। वो यह कि जनता के बीच नफरत छोड़ो का संदेश लेकर जाना तो ठीक है, लेकिन 'हम दो हमारे दो' की पॉलिटिकल इकॉनमी का आखिर क्या विकल्प राहुल गांधी के पास है? आखिर जब वे इस राजनीतिक अर्थतंत्र की बात करेंगे, तो लोग यह पूछेंगे ही कि इसका मुकाबला करने के लिए कांग्रेस के पास क्या सोच और रणनीति है? कहा जाता है कि अक्सर ऐसी समझ और विकल्प प्रयोग के दौरान उभरते हैं। ऐसी मिसालों से इतिहास भरा-पड़ा है। इसलिए ये सवाल उठाने का मतलब राहुल गांधी की यात्रा की प्रासंगकिता पर प्रश्न उठाना नहीं है। बल्कि इसके पीछे मकसद उन्हें और उनकी पार्टी को आगाह करना है कि अगर विकल्पों पर सोचने की दृष्टि उन्होंने नहीं दिखाई और पुराने दौर को वापस लाने या कुछ बचाने के नाम तक उन्होंने इस अभियान को सीमित रखा, तो इससे वे अपेक्षाएं पूरी नहीं होंगी, जिसे लेकर वे 3,500 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा शुरू करने जा रहे हैं।

# मत्स्य क्षेत्र का विकास होगा प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप : रूपाला



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय मत्स्य पालन मंत्री परशोत्तम रूपाला ने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के विकास के लिए उनका विभाग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच के अनुरूप निरंतर प्रयासरत है और निर्धारित लक्ष्यों को निश्चित रूप से हासिल किया जाएगा।

श्री रूपाला ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के दो वर्ष पूरे होने के मौके पर यहां आयोजित कार्यक्रम में कहा कि देश में मत्स्य पालन, मत्स्य विपणन आदि में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।उन्होंने कहा कि भारत के विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने में मत्स्य क्षेत्र का भी योगदान है।

सरकार ने 2025 तक भारत में सालाना दो करोड़ 20 लाख टन मछली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के विकास के लिए बजट में उल्लेखनीय वृद्धि की गयी है। पहले मत्स्य क्षेत्र का सालाना बजट केवल 600-700 करोड़ रुपये तक सीमित था जो अब बढक़र 20 हजार करोड़ हो गया है। यह इस तथ्य का परिचायक है कि सरकार और उनका विभाग मत्स्य क्षेत्र के विकास के लिए कितनी संजीदा है।

उन्होंने कहा कि भारत दूरस्थ समुद्री क्षेत्रों में मछली पकडऩे के लिए बेहतर उपायों को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि देश मत्स्य का 'हब' बन जाए। इसके लिए निरंतर प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा, मत्स्य क्षेत्र का विकास इस तरह किया जाना चाहिए कि मछलियों का उत्पादन बढ़े, इसकी खपत बढ़े, इसका निर्यात बढ़े लेकिन इसके साथ ही यह भी ध्यान रखना है आने वाली पीढ़ी के लिए भी पर्याप्त मछलियां उपलब्ध होती रहें। मत्स्य बीज की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ ही इसकी गुणवत्ता पर खासा ध्यान रखना होगा। मैं मछली बीज की गुणवत्ता पर निरंतर बल देता रहा हूं और आगे भी इस पर और काम किया जायेगा।

श्री रूपाला ने कहा कि सरकार मत्स्य पालकों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रख रही है और मत्स्य किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड आसानी से मिले इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि अगले बजट में और ज्यादा धन विभाग को मिले,इसके लिए वह पूरी कोशिश करेंगे।

उन्होंने कहा कि मछली पालन से संबंधित कोई भी नीति पत्र तैयार हो तो उसे प्रांतीय भाषाओं में जरूर उपलब्ध कराया जाए।

इससे पहले मत्स्य पालन और व्यवसाय के लगे और इस क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया गया। पुरस्कृत लोगों ने इस क्षेत्र के अपने अनुभव भी साझा किये। उल्लेखनीय है कि भारत में वर्तमान में प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष पांच से छह किलोग्राम मछली की खपत है जबकि जापान जैसे देशों यह आंकड़ा 12 से 13 किलोग्राम है। सरकार की योजना प्रति व्यक्ति मछली की खपत बढ़ाने की है।

# दो और मुक्त व्यापार समझौते जल्द : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका की सरकारी यात्रा के दौरान कहा कि इस वर्ष पहले ही दो देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को अंतिम रूप दे दिया गया है और साल के अंत तक ऐसे कम से कम दो और समझौतों पर हस्ताक्षर किए जा सकते हैं ।

गोयल लॉस एंजिल्स में यूएस-इंडिया स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप फोरम द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा आज जारी एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि श्री गोयल ने भारत में आर्थिक वृद्धि की उभरती नयी संभावनाओं का उल्लेख करते हुए कहा, इस साल दो एफटीए को पहले ही अंतिम रूप दे दिया गया है, और साल के अंत तक कम से कम दो और एफटीए वार्ताओं को पूरा किए जाने की उम्मीद है।

गौरतलब है कि भारत ने इस साल की शुरुआत में रिकॉर्ड समय में ऑस्ट्रेलिया और यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) के साथ एफटीए संपन्न किया। कनाडा और ब्रिटेन के साथ एफटीए वार्ता भी चल रही है और काफी आगे बढ़ चुकी है। ब्रिटेन के साथ एफटीओ को इस साल दीवाली तक अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद है। एफटीए वार्ता प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के साथ संतुलित व्यापार समझौते बनाने और व्यापार और निवेश में सुधार के लिए मौजूदा व्यापार समझौतों को सुधारने के लिए भारत की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। इस साल जून में, भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने भारत-ईयू मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत फिर से शुरू की। यह भारत के लिए सबसे महत्वपूर्ण एफटीए में से एक होगा क्योंकि ईयू अमेरिका के बाद इसका दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार है। भारत-यूरोपीय संघ के बीच वर्ष 2021-22 में 43.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 116.36 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था जो अब तक का रिकार्ड है । इस दौरान यूरोपीय संघ को भारत का निर्यात 57 प्रतिशत बढक़र 65 अरब डॉलर हो गया।

# भारतीय महिलाओं ने मालदीव को 9-0 से रौंदा

**काठमांडू ।** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप 2022 में एकतरफा मुकाबले में मालदीव को 9-0 से मात दी।

भारत की ओर से अंजू तमांग (24ज्, 45+2ज्, 85ज्, 88ज्) ने सर्वाधिक चार गोल किये। इसके अलावा डांगमेई ग्रेस (53ज्, 86च्) ने दो गोल किये, जबकि प्रियंका देवी (42ज्), सौम्या गुगुलोथ (55ज्) और कश्मीना (84ज्) ने एक-एक गोल जमाया।

दूसरी ओर, मालदीव एक बार भी बॉल को भारतीय गोलकीपर के पार नहीं पहुंचा सकी और भारत ने 9-0 के विशाल अंतर से यह मुकाबला जीत लिया। भारतीय टीम ने सैफ चैंपियनशिप के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तान को 3-0 से मात दी थी। भारत का अगला मुकाबला सोमवार को बांग्लादेश के खिलाफ होगा।

# एफआईआई का निवेश जारी रहा तो जल्द नई ऊंचाई छूएगा शेयर बाजार



**मुंबई ।** वैश्विक स्तर पर महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी के दबाव के बावजूद विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की जबरदस्त लिवाली और कच्चे तेल की कीमतों में कमी की बदौलत बीते सप्ताह 1.7 प्रतिशत की छलांग लगा चुके घरेलू शेयर बाजार में यदि एफआईआई का निवेश जारी रहा तो सेंसेक्स और निफ्टी जल्द ही नई ऊंचाई को छूएंगे।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेद सूचकांक सेंसेक्स 989.81 अंक की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 59793.14 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 293.9 अंक की तेजी के साथ 17833.35 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई की दग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 473.31 मजबूत होकर सप्ताहांत पर 25937.22 अंक और स्मॉलकैप 727.92 अंक चढक़र 29528.74 अंक हो गया।

आधिकारिक स्रोतों से उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बीते सप्ताह एफआईआई ने बाजार में कुल 6948.41 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली की लेकिन सोमवार को वह 811.75 करोड़ रुपये के बिकवाल भी रहे, जिससे इनका शुद्ध निवेश 6136.66 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह सितंबर माह में अबतक वे 3837.56 करोड़ रुपये की शुद्ध लिवाली कर चुके हैं, वहीं घरेलू संस्थागत निवेशक 69.71 करोड़ रुपये के बिकवाल रहे हैं।

इस वर्ष पिछले छह महीने के बाद अगस्त में शुरू हुई एफआईआई की लिवाली लगातार जारी है। इस महीने एफआईआई ने बाजार में 22025.62 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया जबकि घरेलू निवेशकों ने 7068.63 करोड़ रुपये की बिकवाली की थी। ऐसे में विश्लेषकों का मानना है कि यदि एफआईआई और विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का बाजार में निवेश लगातार जारी रहा तो जल्द ही सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई को छूने में कामयाब हो जाएंगे।

# इंडिया लीजेंड्स ने जीता रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज का पहला मैच



**कानपुर।** इंडिया लीजेंड्स ने स्टुअर्ट बिन्नी (82 नाबाद) के विस्फोटक अर्द्धशतक के बाद राहुल शर्मा (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत साउथ अफ्रीका लीजेंड्स को रोड सेफ्टी वर्ल्ड सीरीज के उद्घाटन मैच में 61 रन से हराया।

भारत सरकार द्वारा सडक़ सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिये आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनियाभर के संन्यास ले चुके दिग्गज खिलाड़ी अपने देशों का प्रतिनिधित्व करते हैं।

इंडिया लीजेंड्स ने कानपुर के ग्रीन पार्क में आयोजित मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 217 रन बनाये थे, जिसके जवाब में साउथ अफ्रीका लीजेंड्स 156 रन ही बना सकी।

भारत की ओर से स्टुअर्ट बिन्नी ने 42 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की बदौलत नाबाद 82 रन बनाये। हाल ही में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले सुरेश रैना ने 22 गेंदों पर चार चौके और एक छक्का लगाते हुए 33 रन बनाये। यूसुफ पठान ने 15 गेंदों पर 35 रन बनाते हुए एक चौका और चार छक्के जडक़र इंडिया लीजेंड्स को 20 ओवर में 217/4 के स्कोर तक पहुंचाया।

साउथ अफ्रीका लीजेंड्स 218 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए कभी भी आवश्यक रनगति हासिल नहीं कर सकी।

पहले विकेट के लिये 43 रन की साझेदारी के बाद राहुल शर्मा ने सलामी बल्लेबाज मॉर्ने वैन विक (26) को पगबाधा करके पवेलियन लौटाया, जबकि प्रज्ञान ओझा ने एंड्रयू पुटिक (23) को आउट किया।

इसके बाद कप्तान जॉन्टी रोड्स के अलावा प्रोटियाज का कोई भी बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को नहीं छू सका। रोड्स 27 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत 38 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि उनकी टीम ने 20 ओवर में नौ विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाये।

# गेंदबाजों के नाम रहा ओवल टेस्ट का पहला दिन



**लंदन।** इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच केनिंगटन ओवल में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट का तीसरा दिन पूरी तरह से गेंदबाजों के नाम रहा। टेस्ट का पहला दिन बारिश और दूसरा दिन महारानी एलिजाबेथ के निधन के कारण रद्द होने के बाद तीसरे दिन शनिवार को कुल 17 विकेट गिरे।

इंग्लैंड ने ओली रॉबिनसन (पांच विकेट) और स्टुअर्ट ब्रॉड (चार विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 118 रन पर ऑलआउट कर दिया। बेन स्टोक्स की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 154 रन बनाये, लेकिन इस दौरान सात विकेट गंवा दिये।

इंग्लैंड ने दिन की शानदार शुरुआत करते हुए दोनों सलामी बल्लेबाजों को एक रन के संयुक्त स्कोर पर पवेलियन लौटाया। रॉबिनसन ने कप्तान डीन एल्गर को आउट किया जबकि जेम्स एंडरसन ने सरेल एर्वी को आउट कर टेस्ट क्रिकेट में अपना 665वां विकेट लिया। प्रोटियाज ने 36 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद होश संभाला और खाया जोंडो (23) ने मारको जैनसेन (30) के साथ सातवें विकेट के लिये 36 रन की साझेदारी की। जैनसेन ने केशव महाराज (18) के साथ आठवें विकेट के लिये 27 रन जोड़े लेकिन इसके बाद वह पवेलियन लौट गये और दक्षिण अफ्रीका 118 रन पर ऑलआउट हो गयी। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने शुरुआती रन देने के बाद इंग्लिश बल्लेबाजी की लगाम खींची और खराब रोशनी के कारण दिन का खेल खत्म होने से पहले सात विकेट निकाले।

इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने 77 गेंदों पर 13 चौके लगाकर सर्वाधिक 67 रन बनाये, जबकि जो रूट ने 23(25) रन की पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने पर बेन फोक्स (11 नाबाद) और ओली रॉबिनसन (03) विकेट पर मौजूद थे।

# संजोग में अपने रोल के लिए रजत दहिया ने घटाया 18 किलो वजन



शो संजोग में काम्या पंजाबी के साथ 30 वर्षीय गोपाल की भूमिका निभाने के लिए रजत दहिया को अपना 18 किलो वजन कम करना पड़ा। अभिनेता, जो अपने पिछले शो तुझसे है राब्ता में एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की भूमिका निभा रहे थे, को अपने वर्तमान धारावाहिक में एक युवक के व्यक्तित्व को चित्रित करने के लिए बहुत प्रयास करना पड़ता है।

उन्होंने साझा किया, मुझे गोपाल के चरित्र के लिए बहुत प्रयास करना पड़ा क्योंकि पहले, तुझे है राब्ता में, मैं एक 55 वर्षीय व्यक्ति की भूमिका निभा रहा था, जो भारी था। संजोग में, मैं एक भूमिका निभा रहा हूं अपने 30 के दशक में फिट आदमी। तो, गोपाल के चरित्र में आने के लिए, मैंने उचित और सख्त आहार बनाए रखते हुए 3 से 4 महीने से अधिक समय तक नियमित रूप से काम किया। इसके माध्यम से, मैंने लगभग 15 से 18 किलो वजन कम करने में कामयाबी हासिल की है और तब से इस वजन को मेंटेन कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि दर्शक मुझे इस नए अवतार में पसंद करेंगे और मुझे ढेर सारा प्यार और सराहना देंगे।

# एसजे सूर्या निर्देशक शंकर की आरसी15 के कलाकारों में हुए शामिल



तमिल सिनेमा के सबसे बहुमुखी अभिनेताओं में से एक, एस जे सूर्य, राम चरण के साथ इक्का-दुक्का निर्देशक शंकर की आगामी फिल्म की में शामिल हो गए हैं, जिसका शीर्षक अस्थायी रूप से आरसी15 है।

फिल्म के निर्माताओं ने अपनी यूनिट में अभिनेता का स्वागत किया। ट्वीट करके लिखा, बहुमुखी अभिनेता एस जे सूर्या हमारे तारकीय कलाकारों में शामिल हो गए!

उन्होंने एक पोस्टर भी साझा किया था, एस. जे. सूर्या फर्श टू फ्लोर यू। अभिनेता राम चरण ने भी अपनी यूनिट में एसजे सूर्या का स्वागत किया। उन्होंने ट्वीट किया, आरसी15 में आपका स्वागत है एसजे सूर्या सर!

# बची हुई मूंग दाल से बनाएं मुरादाबादी दाल की चाट



अगर किचन में धुली मूंग की दाल या मूंग दाल बच गई है, तो इसे भी आप नया ट्विस्ट दे सकती हैं। बची दाल से घर पर ही मुरादाबादी दाल की चाट बनाकर खाएं। यकीन मानें, बची दाल का ऐसा स्वादिष्ट प्रयोग कर आप भी चकित रह जाएंगी।

**सामग्री :**

1 बारीक कटा प्याज, 2 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 बारीक कटा टमाटर, 1/2 टीस्पून जीरा पाउडर, कुछ पापड़ी या मठरी, 1 टीस्पून हरे धनिए की चटनी, 1 टीस्पून इमली की चटनी, कुछ बारीक कटा धनिया

तड़के के लिए सामग्री

**विधि :**

- एक बोल में दाल लें। इसमें प्याज, हरी मिर्च, टमाटर, जीरा पाउडर, हरी धनिया की चटनी और इमली की चटनी डालकर मिलाएं।

- इसे कटोरी में डालें। इस पर पापड़ी को हाथों से तोड़कर डालें। ऊपर से हरा धनिया डालें।

- तड़के के लिए एक पैन में घी डालें। सूखी लाल मिर्च डालकर तड़का बनाकर तैयार रखें। इस तड़के को दाल चाट की कटोरी के ऊपर डाल दें।


# शब्द सामर्थ्य- 191

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 190 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | | स | र | ग | म | |
| त्री | | सी | | | क्षा | | धु | र्रा |
| | सा | ह | स | | | | र | |
| स्वा | ग | त | | स | म | झौ | ता | |
| व | र | | | र | | | | म |
| लं | | वि | ला | स | | | दा | म |
| बी | न | | ज | | सा | मा | न | ता |
| | ज | | वा | हि | या | त | | |
| त | र | की | ब | | ना | | खा | ली |

# सू-दोकू- 191

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.190 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा लेकिन आज आपको लक्ष्य बनाए कर कार्य करना पडेगा तभी सफलता निश्चित होगी। सेहत मध्यान तक ठीक रहेगी इसके बाद हाथ पैरों में शिथिलता आएगी।

***वृष :*** आज का दिन बीते कुछ दिनों की अपेक्षा में राहत प्रदान करेगा। दिन का आरम्भ घर मे धार्मिक कार्यो से होगा इसके कारण चहल पहल भी रहेगी आध्यात्मिक पक्ष आज प्रबल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर अन्य दिन की अपेक्षा कार्य विलंब से चलेंगे मंदी भी रहेगी।

***मिथुन :*** आज का दिन स्वास्थ्य के लीये हानि कारक रहेगा दिन के आरम्भ से ही सेहत में गिरावट अनुभव होगी लेकिन कार्य भर के कारण अनदेखी करेंगे बाद में रोग बढऩे पर ज्यादा परेशानी होगी। लाभ हानि बराबर रहेंगे धन को लेकर भाग दौड़ व्यर्थ जाएगी।

***कर्क :*** आज का दिन आप बेहतर रूप से व्यतीत करेंगे दिन के पूर्वार्ध में घर के किसी आवश्यक कार्य मे व्यस्त रहेंगे इससे कार्य क्षेत्र पर थोड़ा विलम्ब होगा फिर भी आज का दिन नौकरी पेशा और व्यवसायी दोनो के लिये विजय दिलाने वाला रहेगा।

***सिंह :*** आज का दिन भाग-दौड़ वाला रहेगा व्यस्तता के चलते शरीर की उपेक्षा बाद में भारी पड़ेगी लेकिन आशाजनक ना सही लाभ मिलते रहने से निराश नही होंगे। कार्य व्यवसाय में उन्नति के योग बन रहे है ।

***कन्या :*** आज आपका स्वभाव संपर्क में आने वालों को आश्चर्य चकित करेगा। अपना मतलब साधने के लिये किसी की चापलूसी करने से भी परहेज नही करेंगे। लोगो को आपका व्यवहार हितैषी लगेगा लेकिन अंदर स्वार्थ सिद्धि की भावना रहेगी।

***तुला :*** आज का दिन आपके लिये प्रतिकूल रहेगा। कार्य क्षेत्र पर धीमी गति से कार्य करने पर लोगो की आलोचना सुन्नी पड़ेगी आर्थिक कारण से भी किसी से तकरार होने की सम्भावना है।

***वृश्चिक :*** आपके लिये आज का दिन शुभ रहेगा दिन के आरंभ में स्वास्थ्य चुस्त रहेगा मन मे धन संबंधित उलझन रहेगी लेकिन अकस्मात लाभ के समाचार मिलने से उत्साह बढ़ेगा रुके कार्यो में गति आएगी।

***धनु :*** आज के दिन आप मानसिक रूप से दुविधा में रहेंगे जिस भी कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे कोई ना कोई व्यवधान आने से मन खिन्न होगा। कार्य क्षेत्र पर सहयोग की कमी नही रहेगी।

***मकर :*** आज आपका विवेकी व्यवहार कार्य क्षेत्र पर सम्मान दिलाएगा लेकिन घर के सदस्यों के प्रति सनकी मिजाज रहने के कारण आपसी मतभेद रहेंगे। संध्या के आस-पास थकान के कारण किसी काम मे मन नही लगेगा।

***कुंभ :*** आज का दिन विषम परिस्थितियों वाला रहेगा मन मे बड़ी बड़ी योजनाए बनती रहेंगी लेकिन सहयोग की कमी और धन के अभाव के कारण इन्हें साकार नही कर पाएंगे। धन संबंधित समस्या आज मुख्य रूप से दिनचर्या को प्रभावित करेगी धन लाभ होगा।

***मीन :*** आज के दिन आपके साथ आकस्मिक घटनाएं घटित होंगी इनका फल मिला जुला रहेगा। सामाजिक क्षेत्र पर सम्मान तो बढ़ेगा लेकिन किसी स्वयं जन के कारण शर्मिंदगी भी देखनी पड़ेगी। आप दिन भर किसी ना किसी कारण से व्यस्त ही रहेंगे।